29 DEC nov- janj BHOOMI-PG-1_Layout 1 12/29/2023 10:19 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 केवाइसी अपडेट कराने गैस एजेंसियों के सामने सुबह से लग रही कतार




## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जनजागरूकता शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जनजागरूकता शिविर 30 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक विकासखण्ड नवागढ़ के प्राथमिक शाला परिसर अटल चौक ग्राम अमोरा में आयोजित किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि आयुष स्वास्थ्य मेला में जनजागरूकता शिविर के साथ रक्ताल्पता, वातरोग, मधुमेह, दमा, उदर रोग, उच्च रक्तचाप, मलेरिया, बवासीर, चर्मरोग, बालरोग, स्त्री रोग, एवं वृद्धावस्थाजन्य रोगो का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कर निःशुल्क औषधि वितरण, काढ़ा वितरण एवं रक्त परीक्षण किया जायेगा। आयुष स्वास्थ्य मेला में डॉ मनीष खरे, डॉ अमित मिरी, डॉ सतीश समदर्शी, डॉ विजय आनंद बघेल, डॉ शैलेष चौहान, डॉ अभिषेक जाटवर, डॉ नीति पाटले एवं डॉ नीलिमा पाण्डेय अपनी सेवाएं देगें। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रकाश सिंह द्वारा अपील किया गया है कि आयुष स्वास्थ्य मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयुष चिकित्सा का लाभ प्राप्त करें।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव 1 व 2 को

**पामगढ़।** पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन की तिथि तय हो गई है। अध्यक्ष के लिए 1 जनवरी और उपाध्यक्ष के लिए 2 जनवरी को मतदान होगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सम्मिलन कराने के लिए पामगढ़ एसडीएम को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार पटेल और उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के खिलाफ जनपद सदस्यों ने आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। इस पर कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन कराने के लिए 1 जनवरी की तारीख तय की है। इसी तरह उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन के लिए 2 जनवरी को तारीख दी है। पीठासीन अधिकारी पामगढ़ एसडीएम आरके तंबोली की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कार्यालय पामगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे सम्मिलन की प्रक्रिया शुरु होगी

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

### प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा समाधान के संबंध में की चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा, अकलतरा एवं पामगढ़ के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणों के संबंध में व्यय प्रेक्षक विमल चंद्रदास की अध्यक्षता में जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों के निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर.के. खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संक्रमित को होम आईसोलेशन में रहने के निर्देश, हो रही कान्टेन्ट ट्रेसिंग

# कोरोना रिटर्न : जिला मुख्यालय में मिला पहला पाजीटिव मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेश में फिर से मिल रहे कोरोना संक्रमण के मामले के बीच जिला मुख्यालय जांजगीर में भी एक संक्रमित की पहचान हुई है। जांच में पाजीटिव पाए गए कोरोना मरीज को फिलहाल होम आईसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही उनके संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान कर जांच कराने का काम भी शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि देश के विभिन्न हिस्सों के साथ प्रदेश में भी कोरोना संक्रमण के सामने आने लगे है। इसी कड़ी में जिले में एक कोरोना संक्रमित की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय जांजगीर के भांठापारा में रहने वाले एक व्यक्ति को पिछले कुछ दिनों से सर्दी खांसी के साथ तेज बुखार आने की शिकायत थी। बताया जाता है कि प्रारंभिक उपचार के बाद जब राहत नहीं मिली तो चिकित्सकों के परामर्श पर उसका एंटीजेन कोरोना टेस्ट कराया गया। इस दौरान रिपोर्ट पाजीटिव मिली। जिसके बाद स्वास्थ्य अमले में हड़कंप मच गया और संक्रमित के संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान कर जांच कराने का काम शुरू कराया गया है।



फाईल फोटो।

### हाट बाजार में सावधानी बरतने की जरूरत

प्रदेश के साथ साथ जिले में भी कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे है। जिला मुख्यालय जांजगीर के भांठापारा में पाजीटिव का मामला सामने आने के बाद लोगों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। सबसे ज्यादा भीड़ हाट बाजारों में नजर आता है। इसके अलावा दुकान, बैंक, न्यायालय, कचहरी, सरकारी विभाग समेत अन्य जगहों लोगों की विशेष भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मास्क की आवश्यकता महसूस होने लगी है। पिछले दो तीन सालों के भीतर कोरोना संक्रमण के 10 हजार से अधिक मामले सामने आ चुके थे। वहीं संक्रमण से 11 सौ से अधिक लोगों की जान चली गई है। एक बार फिर कोरोना रिटर्न ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है। लंबे समय से सर्दी, खांसी, बुखार, हाथ पैर में दर्द सहित अन्य लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह ले और दवा का नियमित सेवन करना चाहिए। इधर कोरोना के रिटर्न होते ही स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट हो गया है। जिला चिकित्सालय समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर आवश्यक व्यवस्था बनाने दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है। साथ ही साथ लोगों को भीड़भाड़ वाले जगहों पर विशेष ऐहयियात बरतने की आवश्यकता है। लोगों को मास्क लगाकर ही घरों से निकलना चाहिए और हाथ को सेनेटाईजर का उपयोग करना चाहिए।

दूसरी ओर संक्रमित को होम आईसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले कोरोना संक्रमण के जिस तरह से मामले मिले थे ओर मौत का जो तांडव हुआ था। उसे सोचकर दिल सिहर उठता है। हालांकि बीते दो सालों से कोरोना संक्रमण के मामले पूरी तरह से खत्म हो गए थे, लेकिन अभी पिछले कुछ दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा प्रदेश में भी कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय जांजगीर के भांठापारा में एक कोरोना संक्रमित की पहचान हुई है। इसके बाद से स्वास्थ्य अमले में हड़कंप मच गया है और इसके नियंत्रण के साथ इलाज की समुचित व्यवस्था को लेकर कामकाज शुरू हो रही है। जिला मुख्यालय जांजगीर के भांठापारा में रहने वाले एक व्यक्ति को पिछले कुछ दिनों से सर्दी खांसी के साथ तेज बुखार आने की शिकायत थी। बताया जाता है कि प्रारंभिक उपचार के बाद जब राहत नहीं मिली तो चिकित्सकों के परामर्श पर उसका एंटीजेन कोरोना टेस्ट कराया गया। जहां उनका रिपोर्ट पाजीटिव मिला। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट हो गया है।

# शिविर में गया स्टॉफ, उप स्वास्थ्य केन्द्र में लगा ताला

### पामगढ़ के चण्डीपारा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकसित भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर की सूचना क्या मिली, स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला कामकाज छोड़कर पहुंच गया। स्थिति यह बनी कि ब्लाक मुख्यालय से लगे चण्डीपारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र में पूरे दिन ताला लगा रहा।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचने के लिए पूरे विकासखंड के सभी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीण नागरिकों को दी जा रही है। साथ ही साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान गत दिवस पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भिलौनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके लिए सभी विभागों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी वहां अपने स्टाल लगाकर उपस्थित रहे। जहां पर आयुष्मान कार्ड एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाती रही परंतु यहां पर शिविर में स्वास्थ्य अमला द्वारा ड्यूटी के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप




चण्डीपारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र में लटका ताला।

स्वास्थ्य केंद्र चंडीपारा के सभी स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई। जिसके कारण केंद्र में पूरे दिन के लिए ताला लटका रहा। मरीज भटकते रहे अब यहां पर सवाल यह उठता है कि अपने विभाग की वाहवाही करने के लिए पूरे केंद्र के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सेंटर में ताला लगा देना कहां तक उचित है। उक्त केंद्र में तीन का स्टाफ है और सभी की ड्यूटी भिलौनी के शिविर के लिए लगा दी गई थी। जहां पर उन्होंने अपनी सेवाएं दी विभाग प्रमुख चाहते तो व्यवस्था के तहत एक को वहां पर छोड़कर बाकी की ड्यूटी लगा सकते थे, ताकि केंद्र भी संचालित होते रहता और शिविर का काम भी चलते रहता, किंतु उनकी अदूरदर्शिता के कारण सेंटर पूरे दिन बंद रहा और मरीज भटकते रहे।

**रखा जाएगा ध्यान**

शिविर में आयुष्मान कार्ड के अलावा बहुत सारे काम करने पड़ रहे है। जिनके कारण उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। भविष्य में सेंटर बन्द ना हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

**-डॉ सौरभ यादव,**
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
पामगढ़

# शबरीडेरा में लगे स्ट्रीट लाइट महज शोपीस हो रहा साबित, तीन माह से बनी हुई है समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा में लगा स्ट्रीट लाइट शोपीस बनकर रह गया है। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या विगत तीन महीनों से बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका खामियाजा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

■ सड़क पर लाइन नहीं होने से कई बार हो चुकी है दुर्घटना

गौरतलब है कि नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरीडेरा में अंधेरे से मुक्ति दिलाने के लिए हर पंचायत में तिराहे चोराहो पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, लेकिन पंचायत की अनदेखी की वजह से साथ ही ग्राम पंचायत लगभग हर बिजली खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था। जिसमे से अधिकांश लाइट खराब हो चुकी है। तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक शबरी डेरा में लगे हर खंभों में स्ट्रीट लाइट लगे बिगड़े पड़े हुए है और जनप्रतिंनिधी और ग्राम सचिव इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। इस लापरवाही की वजह से गांव की गलियों में अंधेरा भी बरकारार है जिनके कारण ग्रामीण लोग खासे परेशान नजर आ रहे है। जिसमे गांव के हर बिजली खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। ग्रामीण लोगों का कहना है की प्रारंभ में तो अच्छे से जल रहा था। उसको बाद से आधे से ज्यादा खंबे की लाईट खराब हो चुका है। 20, प्रतिशत लाइट बंद पड़े हुए है इनको सही कराने वाला या देखभाल करने वाला भी कोई नही ऐसे में खंबे में लगे स्ट्रीट लाईट सुंदरता और भी बढ़ गई है। अनदेखी की वजह से कही खंभों में स्ट्रीट लाइट गायब तो कही खंबे ही नहीं लगे है। ग्रामीणों का कहना है की



शबरीडेरा में लगा स्ट्रीट लाइट।

गांव में स्ट्रीट लाइट नही जलने से हादसे का अंदेशा बना रहता है। गांवो की मुख्य गली में अंधे मोड़ पर वाहन कई बार आपस में टकरा जाते है। ऐसा मामला अक्सर आते ही रहते है। गांव की गली खम्बो में लगी स्ट्रीट लाइट शोपीस साबित हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों का कहना है जनप्रतिनिधि द्वारा चुनाव के समय तो हर सुविधा देने के वादा करता है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई ध्यान नही दिया जाता है। स्ट्रीट लाइट को हर खम्बो में लगाया गया है लेकिन पिछले 3 माह बीत जाने के बावजूद भी आज तक स्ट्रीट लाइट को सुधारा नही गया है।

# युवक पर प्राणघातक हमला, एक गिरफ्तार एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आपसी रंजिश को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक फरार आरोपी की तलाश अभी भी जारी है। मामला सक्ती के बुधवारी बाजार का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को सक्ती पुलिस को सूचना मिली कि बुधवारी बाजार के पानी टंकी के पास तीन लोग राजू लाल उर्फ रौशन निवासी ग्राम पंचायत टेमर थाना सक्ती के ऊपर लाठी- डंडे से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोटिल कर दिया है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आहिरे को अवगत कराने पर, उन्होंने तत्काल घायल का ईलाज कराने एवम आरोपियों को



गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी सक्ती को दिए। एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस की टीम ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए धारा 307 के तहत अपराध विवेचना करते हुए,एक आरोपी राहुल लाल यादव उम्र 20 वर्ष को निवासी ग्राम पंचायत नंदेली को घटना दिवस को ही गिरफ्तार कर लिया। जिसे रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गय। जँहा से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। मामले के दो आरोपी फरार सज्जू खान और मानव सिदार घटना करके फरार हो गए थे, जिनकी पता तलाश की जा रही थी। सक्ती ने नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के नेतृत्व में फरार आरोपियों की सघन पतासाजी शुरू की गई। आरोपीगण अपना मोबाइल बंद करके फरार हो गए थे, तो सक्ती पुलिस टीम ने आरोपीगणो की तलाश में कोरबा, चांपा, रायगढ़ उनके रिश्तेदारी और दोस्तो के यहां छापेमारी शुरू की, और मुखबिर को सक्रिय किया। घटना के आरोपी सज्जू खान के बारे में पुलिस को सुंदरगढ़ ओडिसा के एक गांव में छुपे होने की सूचना पर, तत्काल एक टीम वहां रवाना की गई। जहां से पुलिस की टीम ने पता तलाश और काफी मेहनत के बाद सज्जू खान को पकड़ लिया। वहीं मामले के एक अन्य आरोपी मानव सिदार अभी अभी फरार है। जिनकी तलाश जारी है।

### अलग अलग मामलों में 35 देशी व 8 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जगहो अवैध कच्ची महुआ शराब एवं देशी प्लेन शराब के साथ बिक्री करने वाले 2 अरोपियों को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्कार लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 29 दिसंबर थाना पामगढ़ पुलिस को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेमरिया एवं मेऊभांठा में अवैध शराब बिक्री की जाती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी। आरोपी अनिल सिंह उर्फ सोनू चौहान निवासी सेमरिया के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब को बरामद किया जाकर थाना पामगढ़ में आरोपी के विरूद्ध एवं आरोपी लीलाराम सूर्यवंशी निवासी मेऊभांठा के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार कर 29 दिसंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# यातायात विभाग एक्शन मोड पर 98 चालकों पर 32 हजार का जुर्माना



कार्रवाई करते यातायात के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस इन दिनों एक्शन मोड़ पर है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 98 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 31 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया है। साथ ही साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के तहत वाहन परिचाहन की नसीहत दी गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए जिले में कुल 98 वाहन चालको पर कार्यवाही कर कुल 31 हजार 8 सौ रुपए का समन शुल्क लिया गया। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 29 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया जिसमे थाना मुलमुला में 29 वाहन चालकों से 87 सौ रुपए एवं यातायात पुलिस द्वारा 69 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 23 हजार 1 सौ रुपए का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु वाहन चालकों को समझाईस दी जा रही है।

### स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को बैठने के लिए होती है परेशानी

# अग्रणी कॉलेज में भवन बनाने भेजा 64 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे पुराने एवं अग्रणी महाविघालय में नया भवन बनाने 64 करोड रूपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है, लेकिन इसे अब तक स्वीकृति नही मिल पाई है। जिसके चलते छात्र छात्रओ के साथ कालेज स्टाप को भारी परेशानी उठानी पडती है।

ज्ञात हो कि वर्तमान मे महाविघालय का संचालन खोखरा रोड स्थित ठाकुर छेदीलाल अग्रणी महाविघालय मे किया जा रहा है। जहां का भवन काफी पहले का बना है। वही छात्रो की दर्ज संख्या के हिसाब से कालेज का भवन काफी छोटा पड जा रहा है। जिसके चलते छात्रो को काफी परेशानी उठानी




टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर।

पडती है। महाविघालय में बीए, बीकाम, बीएससी, एमए, एमकाम, एमएससी सहित कंम्प्युटर एंव कई अन्य मुख्य कक्षाओ का संचालन किया जा रहा है। वही यहां पढने के लिए ना केवल जांजगीर ब्लकि आज भी चाम्पा, पामगढ, शिवरीनारायण, सहीत सक्ती जिले के मालखरौदा, जैजैपुर, डभरा, चंद्रपुर समेत अन्य जगहो के बच्चे कोर्स के आधार पर पढने लिखने के लिए आते है। वही कालेज में पर्याप्त भवन नही होने अथवा जर्जर भवन में कक्षाओ का संचालन होने से छात्रो को कई तरह की परेशानियो का सामना भी करना पड़ जा रहा है। इस समस्या को लेकर महाविघालय प्रबंधन के द्वारा कालेज में नया भवन बनाने 64 करोड का प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है, लेकिन इसकी मंजूरी अब तक नही मिल पाई है। जिसके कारण आज भी छात्रो को जैसी तैसी ब्यवस्था के आधार पर पुराने भवन के माध्यम से ही पढाई लिखाई करनी पड रही है। खासकर बरसात के दिनो में तो समस्या और भी गंभीर हो जाता है। भवन में जगह जगह छत से पानी टपकता भी रहता है। अग्रणी महाविघालय में विभिन्न कक्षाओ के करीब 4 हजार से भी अधिक छात्र छात्राए नियमित रूप से अध्ययन कर रहे है। इसके अलावा मुख्य परीक्षाओ के दिनो में करीब 4 हजार ही स्वाधीयायी छात्र भी परीक्षा दिलाने के लिए हर साल आते है। जिनके परीक्षा के लिए ब्यवस्था बनाना भी महाविघालय प्रबंधन के लिए बडी चुनौती बनी रहती है।

**भेजा गया प्रस्ताव**

अग्रणी महाविघालय मे भवन की समस्या बनी हुई है इसे लेकर करीब 64 करोड रूपए का प्रपोजल बनाकर भेजा जा चुका है। मंजुरी मिलते ही इस पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

**-अंबिका प्रसाद वर्मा,**
प्राचार्य
टीसीएल महाविघालय जांजगीर

## खबर संक्षेप



### एनसीसी कैडेट्स को साइबर सेल टीम ने दी अपराधों से बचाव की जानकारी

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के दिशा निर्देशन एवं सायबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के मार्गदर्शन पर समय-समय पर सायबर सेल की टीम द्वारा छात्रों एवं आमजनों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 दिसंबर को शासकीय ई. व्ही. पी. जी. महाविद्यालय हॉस्टल के एनसीसी कैंप में शामिल होने वाले लगभग 400 कैडेट्स सैनिक एवं आर्मी स्टाफ़ के लिये साइबर सेल की टीम द्वारा साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे साइबर बुलिंग साइबर स्टॉकिंग साइबर फिसिंग डार्क वेब आनलाइन फ्राड फेसबुक इंस्टाग्राम एवं व्हाट्स अप से संबंधित जानकारी दिया गया।

### एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप

**कोरबा।** जिले में शुक्रवार से स्कूल के जूनियर खिलाड़ियों के बीच बैडमिंटन के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के बैनर तले इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज होगा। 29 और 30 दिसंबर को आयोजित दो दिनों के टूर्नामेंट में विभिन्न स्कूलों के करीब 100 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा दिखाते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा करने कोर्ट में उतरेंगे। उद्घाटन सुबह 11 बजे आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में एनईपीएस के चेयरमैन मुकेश साहू और सेंट जेवियर्स स्कूल की प्राचार्य श्रीमती लता एन पाटिल गेस्ट आफ आनर होंगी। यह टूर्नामेंट नगर निगम आवासीय परिसर स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना साडा कॉलोनी निहारिका में आयोजित किया जाएगा। इनमें सभी खिलाड़ी स्कूलों के छात्र-छात्राएं होंगे, जो अंडर 18 और अंडर 14 वर्ष आयु समूह में प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। मैच प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने गुरुवार तक की स्थिति में लगभग 80 बालक-बालिकाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, विद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### सांड ने महिलाओं सहित कई लोगों को किया जख्मी

**कोरबा।** एक सांड के चलते गुमटी-ठेला संचालक व राहगीर काफी परेशान हैं। सांड फुटपाथ पर चलने वाले राहगीरों व फल, गुपचुप ठेला लगाने वाले व्यापारियों पर हमला कर देता है। हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं, वहीं कई बार बड़ा हादसा होते-होते बचा है। उल्लेखनीय है कि कटघोरा स्थित बस स्टैंड व नगर के कई स्थानों में कई बार होटल व्यवसायी व फल ठेला व्यवसायियों पर सांड हमला कर चुका है। इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सांड को अन्यत्र भेजने किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सांड की चपेट में कई बुजुर्ग व महिलाएं भी आ चुकी हैं। दिन भर मुख्य मार्ग व बस स्टैंड में विचरण करने से राहगीरों पर भी हमले का खतरा बना रहता है।नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों की रोकथाम के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकार के नजारे कई और क्षेत्रों में बने हुए हैं जिससे हर कोई हलाकान है।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ ग्रामीण गिरफ्तार



**कोरबा।** कटघोरा थाना प्रभारी तेज कुमार यादव ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम छुरी निवासी शकुन्तला बाई केंवट 39 वर्ष पति गोपाल केंवट के कब्जे से अवैध महुआ शराब बिक्री करते उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1 हजाररूपये, बिक्री रकम 200 रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## राताखार से स्टेडियम बाईपास मार्ग में ट्रक चालकों की चलती है मनमानी

# जाम से निजात दिलाने एसपी की पहल शहर के मार्गों में लगा नो पार्किंग का बोर्ड




सुनालिया पॉवर हाउस रोड में लगा नो पार्किंग का बोर्ड।




राताखार स्टेडियम मार्ग में इस तरह लगाया गया है नो पार्किंग जोन का बोर्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस की समझाइश का वाहन चालको पर बिल्कुल भी असर नहीं हो रहा है और वह अक्सर यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़क पर गाड़ी खड़ी कर देते हैं। जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होती है। लोगों को सुगम यातायात मिल सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने शहर के मार्गों का निरीक्षण कर यातायात पुलिस को फरमान जारी किया था जिसके बाद अब पुलिस ने शहर के कई इलाकों में नए सिरे से नो एंट्री का बोर्ड लगाया है। अब इन स्थानों में यदि गाड़ी खड़ी मिली तो चालक को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

**खास बात**

- शारदा विहार रेलवे फाटक से सुनालिया तिराहे तक सख्ती से होगी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से लगातार सुनालिया चौक पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसमें शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग से सुनालिया तिराहे के बीच लोग सड़क पर ही गाड़ी खड़ी कर रहे हैं। इसी तरह स्टेडियम रोड बाईपास पर ट्रक चालक सड़क पर चलने की बजाय सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से इस दोनों मार्गो में लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला लगातार शहर के अलग-अलग इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं थे इस बीच उन्हें यह समस्या सामने आई तो उन्होंने इस समस्या के निजात के लिए और आम लोगों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैय्या हो सके इसके लिए एसपी ने शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग से सुनालिया तिराहे के बीच नो पार्किंग जोन एरिया का बोर्ड लगाने और सर्वमंगला पुल से लेकर राताखार से स्टेडियम रोड बाईपास पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाने यातायात पुलिस को फरमान जारी किया था जिसके लिए यातायात पुलिस ने इन स्थानों पर जगह-जगह नो पार्किंग जोन एरिया का बोर्ड लगा दिया है। अब यदि इन स्थानों पर गाड़ी खड़ी करते पाए गए तो उनके खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई कर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस की मंशा है कि लोगों को शुभम यातायात व्यवस्था मुहैय्या हो सके और लोग जाम में ना फंसे इसके लिए लगातार एसपी जितेंद्र शुक्ला द्वारा पहल की जा रही है और यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई कर लोगों को समझाइश भी दी जा रही है।

**की जाएगी कार्यवाही**

शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग से सुनालिया तिराहे के बीच नए सिरे से नो पार्किंग का बोर्ड लगाया गया है। इसी तरह सर्वमंगला पुल से बाईपास राताखार स्टेडियम रोड पर भी नो पार्किंग का बोर्ड जगह-जगह लगाया गया है। अब इन स्थानों पर यदि कोई भी गाड़ी पार्किंग करता है तो उसके खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

-मनोज राठौर
एएसआई, यातायात पुलिस




फाइल फोटो

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेंड्री की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारणी जारी कर दी गई है। मार्च माह के प्रथम सप्ताह से दोनों परीक्षाएं शुरू हो जाएगी। हाईस्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड परीक्षा 2 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च तक चलेगी। इसी तरह हायर सेकेंडरी सर्टिफकेट परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 23 मार्च तक चलेगी। परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा का पहला पेपर 2 मार्च को हिंदी विषय का रहेगा। इसी तरह 6 मार्च को अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी। 9 मार्च को गणित एवं 12 मार्च को विज्ञान विषय की परीक्षाएं होगी। 13 मार्च को व्यवसायिक पाठ्यक्रम, 15 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 18 मार्च को संस्कृत अन्य क्षेत्रीय भाषा तथा 21 मार्च को दृष्टि एवं मूक बधीर बाधित छात्रों के लिए ड्राई एवं पेंटिंग की परीक्षाएं होंगी। हायर सेकेंडी परीक्षा का पहला पेपर 1 मार्च को हिंदी, 4 मार्च को अंग्रेजी, 7 मार्च को इतिहास, कृषि विज्ञान, 9 मार्च को संस्कृत, 11 मार्च को भूगोल, भौतिक शास्त्र, 13 मार्च को समाज शास्त्र, 14 मार्च को राजनीति शास्त्र, रसान शास्त्र, लेखा शास्त्र तथा 16 मार्च को मनोविज्ञान, 19 मार्च को गणित, कम्प्यूटर अप्लिकेशन, स्टेनो टाईपिंग, 21 मार्च को जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, 22 मार्च को रिटेल माकेटिंग मैनेजमेंट एवं 23 मार्च को उर्दू मराठी आदि क्षेत्रीय भाषाओं की परीक्षाएं आयोजित होगी। दोनों बोर्ड परीक्षाएं सुबह 9.15 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

**खास बातें**

- 10 जनवरी से 22 जनवरी के बीच आयोजित होंगी प्रायोगिक परीक्षाएं
- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी की समय सारणी

# अमले की कमी से जूझ रहा निगम, कई पद हैं रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों की बेहद कमी है। निगम के राजस्व विभाग में अब गिनती के ही कर्मी बच गए हैं। राजस्व निरीक्षक से लेकर सहायक राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त हैं। नियमतः हर वार्ड में एक कर्मी राजस्व वसूली के लिए होना चाहिए ताकि अतिक्रमण पर नजर और राजस्व की वसूली तरीके से हो सके, लेकिन कर्मी नहीं होने से शिकायतें लगातार बढ़ रही है।

निगम में जो है उनमें वरिष्ठता को लेकर विवाद चलता रहा है। इस पर लगाम लगाते हुए निगम ने पहले प्रारंभिक सूची जारी की। सूची में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, लिपिक, राजस्व और सफाई के इंस्पेक्टरों वरिष्ठता के क्रम में नाम तय किए गए हैं। इधर अधिकांश अधिकारी या फिर कर्मचारी जिनकी वरिष्ठता सबसे ऊपर है लेकिन तबादले की वजह से दूसरे निगम में सेवा दे रहे हैं। ऐसे में उनके जूनियर अधिकारी वर्तमान में निगम में वरिष्ठता के पद पर है। लगातार अधिकारियों के तबादले के बाद निगम में और भी अफसरों की कमी हो गई है।नगर निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची आचार संहिता लगने के ठीक पहले जारी की गई थी। अब पदोन्नति इसी सूची के आधार पर होगी। इधर वरिष्ठता सूची जारी होने के बाद सभी पदों पर रिक्त पदों की जानकारी स्पष्ट भी हो गई है। कई महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारियों व कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। तो उधर कई अधिकारियों की मूल पदस्थापना कोरबा निगम में तो है लेकिन प्रतिनियुक्ति पर अन्य निगम में सेवाएं दे रहे हैं। इधर नियमित कर्मियों की संख्या घट रही है तो दूसरी तरफ प्लेसमेंट कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है। स्वच्छता शाखा में नियमित कर्मी सबसे कम है। नियमित सफाई कर्मी आधे से भी कम हो चुके हैं। ठेका सफाई कर्मी और प्लेसमेंट में रखे सफाई कर्मियों के भरोसे काम हो रहा है। कुछ वर्ष पूर्व ही नियमित भर्ती में रोक लगा दी गई थी। इसके बाद से भर्तियां नहीं हो सकी है।

**बढ़ रही प्लेसमेंट कर्मियों की संख्या**

इधर नियमित कर्मियों की संख्या घट रही है तो दूसरी तरफ प्लेसमेंट कर्मियों की संख्या बढ़ रही है। स्वच्छता शाखा में नियमित कर्मी सबसे कम है। नियमित सफाई कर्मी आधे से भी कम हो चुके हैं। ठेका सफाई कर्मी और प्लेसमेंट में रखे सफाई कर्मियों के भरोसे काम चल रहा है। कुछ वर्ष पूर्व ही नियमित कर्मियों की भर्ती पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद से भर्तियां नहीं हो सकी थी।

**किस पद में कितने रिक्त**

| पदनाम | कुल पद | रिक्त |
|---|---|---|
| कार्यपालन अभियंता | 8 | 2 |
| सहायक अभियंता सिविल | 13 | 6 |
| सहायक कार्यालय अधीक्षक | 8 | 5 |
| सहायक ग्रेड-3 | 70 | 19 |
| सहायक राजस्व निरीक्षक | 2 | 1 |
| स्वच्छता निरीक्षक | 6 | 5 |
| स्वच्छता पर्यवेक्षक | 18 | 9 |
| वाहन चालक | 25 | 14 |
| भृत्य | 30 | 9 |

# नववर्ष के स्वागत में मचाया हुड़दंग तो पुलिस सिखाएगी सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नया साल के जश्न में यदि कोई हुड़दंग करने की कोशिश करेगा तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगा। पुलिस ने पहले ही हुड़दंगियों को चेतावनी जारी कर दी है तो वहीं आम जनता से अपील की है कि 31 दिसंबर की रात्रि व नववर्ष के आगमन को लोग बेहतर व शांतिपूर्वक मनाएं।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने नए वर्ष को सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में सभी थाना-चौकी प्रभारियों एवं यातायात पुलिस को निर्देश दिया गया की नव वर्ष को देखते हुए जिले के भीड़भाड़ इलाकों की निगरानी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखना इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाएं। नए वर्ष पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस तैनात रहेगी और लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। किसी प्रकार की घटना को तुरंत ही थाना-चौकी प्रभारियों को बताएं एवं अफवाहों पर ध्यान ना दें। नागरिकों से त्यौहार के दिन असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं बैठे एवं हेलमेट पहन के गाड़ी चलाएं, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें, फोर व्हीलर टू व्हीलर चलाते समय गाड़ियों के कागजात अपने पास रखें, ध्वनि यंत्र का उपयोग निर्धारित डेसिबल से ज्यादा आवाज में उपयोग न करें, उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि यंत्र के उपयोग की समय सीमा का पालन करने की अपील की है।

**खास बात**

- शांतिपूर्ण नववर्ष मनाने कोरबा पुलिस ने की अपील

### सड़क किनारे महिला ने लगाया स्टॉल, युवक ने दिखाई दबंगई

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत वंदना प्रसाद एवं दुर्गेश सिंह द्वारा शिकायत की है कि एमपी नगर के दुकान क्रमांक 29 जो पिछले 5 साल से बंद पड़ा हुआ था उसके सामने बुधवार की शाम बाहर में स्टॉल लगाया गया था। जिसमें एक बेड एक टेबल एक चेयर रखा गया था बैनर लगा हुआ था। गुरुवार की सुबह जब वंदना प्रसाद दुकान खोलने गई तो उस समय सामान रोड के उसे पर तोड़फोड़ कर फेंक दिया गया था। अगल-बगल वालों से पूछने पर पता चला कि विक्रम जायसवाल नामक व्यक्ति के द्वारा तोड़फोड़ किया गया है। वंदना ने इस मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन पुलिस से है और सख्त कार्यवाही की मांग की है।



* **बरपाली।** डाक विभाग द्वारा एक दिवसीय डाक चौपाल तिलकेजा मे डाक समुदाय विकास कार्यक्रम के तहत सहायक डाक अधीक्षक कोरबा द्वारा संपन्न कराया गया।

# निजी कंपनी के कार्यालय में तोड़फोड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत जीओ स्पेयर प्रा0लि0 कंपनी के सिक्युरिटी इंचार्ज सचिन कुमार मिश्रा 35 वर्ष पिता धर्मेन्द्र मिश्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 दिसंबर को लगभग 1.30 बजे खोडरी निवासी जैनेन्द्र कुमार ऊर्फ जय के द्वारा अपने हाथ में एक तलवारनुमा हथियार को रखकर जीओ स्पेयर प्रा0लि0 के ऑफिस के अंदर घुसते हुये गाली देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुए आफिस के अंदर तोडफोड करने लगे, बाहर में खडी कंपनी के वाहन के शीशा को तोडफोड करने लगे और कंपनी के माईनिंग इंजीनियर मनोज पासवान को मारपीट करने के लिये दौडाने लगा जिसे सचिन कुमार व अजय पाण्डेय के द्वारा बीच बचाव करने पर जैनेन्द्र के द्वारा सचिन के साथ मारपीट किया गया। सचिन की रिपोर्ट पर पुलिस ने जैनेंद्र के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 452, 427 भादवि, 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### योग साधना से होगा समस्याओं का निदान

**कोरबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को नियमित दिनचर्या खान-पान एवं योग साधना से ही ठीक करना संभव है। उक्त विचार डॉ अंशु अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिला योग शक्ति दिवस के अवसर पर व्यक्त किया। यह कार्यक्रम भारतीय योग संस्थान के मार्गदर्शन में स्थानीय अग्रोहा भवन के सभागार में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान की क्षेत्रीय प्रधान श्रीमती आभा अग्रवाल ने योगाभ्यास के महत्व को विस्तार से समझाते हुए विभिन्न आसन प्राणायाम और ध्यान के लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर श्रीमती पारुल सरकार द्वारा शंखनाद कर पूरे वातावरण को ओजमय बना दिया गया। तत्पश्चात केंद्र प्रमुख द्वारा योग साधना कराई गई योग आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायन एवं नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण कर समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रमुख श्रीमती अंजलि केसरवानी श्रीमती एकता अग्रवाल श्रीमती मीना बेरीवाल श्रीमती कंचन जायसवाल श्रीमती रश्मि सोनी सहित भारी संख्या में योग साधक उपस्थिति रही मंच संचालन श्रीमती नेहा पोद्दार एवं श्रीमती रंजना मित्तल ने किया।

**आम इस्तिहार नोटिस**

प्रो.क. 4028/23

प्रकरण कमांक-2ए/2022
तारीख पेशी-06.01.2024

**न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा जिला-कोरबा छ0ग0**

के.एम. मेनवेल ...............वादी
बनाम
मुरलीधर अग्रवाल वगैरह
...प्रतिवादीगण

उपरोक्त आवेदक के.एम. मेनवेल के द्वारा प्रतिवादी मुरलीधर अग्रवाल वगैरह के विरुद्ध न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा जिला-कोरबा छ०ग० के समक्ष क्षतिपूर्ति रकम दिलाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त दावा पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-06.01.2024 को तिथि नियत है। अतः प्रतिवादी कमांक-01 / मुरलीधर अग्रवाल पिता-गोरेलाल अग्रवाल, निवासी-बलौदा रोड अकलतरा, जिला जॉजगीर चॉपा छ0ग0 पिन-495552 को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.01.2024 को 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब दावा इस न्यायालय में पेश करें, आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। नोट :- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 23-12-23 को न्यायालय मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(बृजेश राय)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.............अ-2/2023-24
ग्राम बिर्रा प.ह.न 12 तहसील बम्हनीडीह
जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिर्रा प.ह.न 12 तहसील- बम्हनीडीह जिला- जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री घनश्याम प्रसाद पिता शोषक प्रसाद ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.01.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची : खसरा नं. 2361/12 रकबा 0.018 हेक्टेयर भूमि लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 29.12 2023 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) चाम्पा**

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.............अ-2/2023-24
ग्राम बिर्रा प.ह.न 12 तहसील बम्हनीडीह
जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिर्रा प.ह.नं. 12 तहसील- बम्हनीडीह जिला- जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती सुशीला बाई पति हीरालाल जाति सतनामी ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.01.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची : खसरा नं. 2214/6 रकबा 0.06 एकड़ भूमि ...लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.12 2023 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) चाम्पा**














# 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाइफ Style

# रेखा



## मुझे तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस रेखा उन अदाकाराओं में से हैं जिनकी खुद की जिंदगी पर एक फिल्म तक बनाई जा सकती है। शुरू से लेकर आज तक ना जाने कितने ही उतार चढ़ाव देखे हैं रेखा ने अपनी जिंदगी में। वहीं सिमी ग्रेवाल के चैट शो में जब रेखा पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि उन्हें एक्टिंग से बिल्कुल लगाव नहीं था और वो कभी एक्ट्रेस भी नहीं बनना चाहती थीं।

वो कभी एक्टिंग की दुनिया में आना ही नहीं चाहती थीं बल्कि उन्हें तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया। रेखा की मां साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस थीं लिहाजा वो चाहती थीं कि उनकी बेटी भी एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाए। बेहद छोटी उम्र में ही रेखा से उनकी मां ने एक्टिंग करवाना शुरू कर दिया था। शुरुआत में वो साउथ की फिल्मों में ही दिखीं लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने अपनी मां के साथ मुंबई का रुख किया ताकि वो हिंदी फिल्मों में काम कर सकें। ये इच्छा भी उनकी मां की ही थी ना कि रेखा की। रेखा की पहली हिंदी फिल्म थी सावन भादों थी जिसमे वो नवीन निश्चल के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म रिलीज होने के बाद रेखा और नवीन निश्चल का नाम एक दूसरे के साथ खूब जुड़ा। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। एक्ट्रेस रेखा ने ये भी रिवील किया कि उनका पूरा बचपन खिलौनों की बजाय सेट पर काम करते हुए बीता जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा वो शूटिंग से ब्रेक लेने का बहाना बनाया करती थीं कभी बुखार तो कभी कुछ कहकर वो सेट से कई-कई घंटों के लिए गायब हो जाया करती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पैरासाइट फेम एक्टर नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** साउथ कोरिया के जाने माने एक्टर ली सुन क्युन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता का शव उनकी कार में मिला जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। पुलिस को इस बात का शक है कि अभिनेता ने सुसाइड की है। आपको बता दें कि ली ने ऑस्कर विनिंग 'पैरासाइट' फिल्म में मुख्य रोल निभाया था। इनके इस रोल को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा इन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'साइको ड्रामा' से की थी।



# भारत में छुट्टियां मनाने आईं पॉप सिंगर लीपा, पहुंचीं राजस्थान

**मुंबई।** भारत आईं पॉप सिंगर दुआ लीपा इन दिनों राजस्थान की सैर पर हैं। दुआ राजस्थान की सड़कों पर आराम से घूमते हुए स्पॉट हुईं। इस मशहूर पॉप सिंगर ने राजस्थान से कई फोटोज शेयर की हैं.।जिसमें वो कभी कैमरे के सामने सेल्फी लेती नजर आईं तो कभी वहां की फेमस जगहों पर फोटोज क्लिक करवाती दिखीं। दुआ ने इन तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'मेरी तरफ से आप सभी को हैप्पी हॉलीडे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, गुड हेल्थ और ढेर सारी खुशियां अगले साल के लिए सेंड कर रही हूं। राजस्थान में पर्यटकों की भारी भीड़ की वजह स्थानीय लोग इस सेलिब्रिटी से अनजान हैं और वे उन्हें पहचानने नहीं पा। हालांकि पॉप सिंगर राजस्थान में कहां पर गई हैं इस बात की जानकारी नहीं है।



# रणबीर को मारे थे 20-25 थप्पड़...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है। फिल्म के एक दृश्य में रश्मिका मंदाना रणबीर को जोरदार थप्पड़ मारती हैं। जानिए, इस दृश्य में कैमरे के पीछे क्या हुआ था। फिल्म के एक दृश्य में करवाचौथ के मौके पर गीतांजली (रश्मिका) रणविजय (रणबीर) को खूब-खरी खोटी सुनाती है। इस दृश्य में रश्मिका के अभिनय की खूब तारीफ हुई जिसमें वे रणबीर को थप्पड़ मारती हैं। एक इंटरव्यू में वांगा के भाई प्रणय ने बताया कि शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा था यह अच्छे से शूट हो, इसके लिए वह उन्हें चाहे जितनी बार मार सकती हैं। अच्छे शॉट के लिए रश्मिका ने रणबीर को 20-25 थप्पड़ भी मारे थे। रणबीर इस दृश्य की भावनाओं को अच्छे से दिखाना चाहते थे।




# 'मेरी क्रिसमस' एक बार फिर बड़े पर्दे पर

**मुंबई।** 'टाइगर 3' की ग्रैंड सक्सेस एंजॉय कर रही कैटरीना कैफ जल्द ही 'मेरी क्रिसमस' से एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस फिल्म में कैटरीना पहली बार साउथ एक्टर विजय सेतुपति संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इन सबके बीच मेकर्स ने 'मेरी क्रिसमस' का टाइटल ट्रैक सॉन्ग का ऑडियो क्लिप रिलीज कर दिया। मेकर्स ने कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की तस्वीरों के साथ ऑडियो क्लिप रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, परफेक्ट केरी क्रिसमस 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'मेरी क्रिसमस' को दो भाषाओं में शूट किया गया बता दें कि 'मेरी क्रिसमस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

## टीवी मसाला



# 3 जनवरी को होगा नए टीवी शो मेरा बलम थानेदार का प्रीमियम

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल मेरा बलम थानेदार 3 जनवरी से प्रसारित होगा। नए टीवी शो में विपरीत विचारधारा वाले दो व्यक्तियों की इस अनूठी प्रेम कहानी के साथ विविध विषयों को पेश किया जाएगा। शो में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी क्रमशः वीर प्रताप सिंह और बुलबुल राजावत की भूमिका में हैं। इसमें एक जोड़े की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जिनकी शादी एक झूठ पर आधारित है, जिसके कारण उनके रिश्ते की नींव ढह सकती है। शशि सुमीत प्रोडक्शंस की ओर से निर्मित, 'मेरा बलम थानेदार' का प्रीमियर 3 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे प्रसारित होगा। शो को राजस्थान की सुरम्य पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है। 'मेरा बलम थानेदार' सीरियल बुलबुल और वीर के जीवन को दर्शाता है, जो दिन और रात की तरह अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी नियति आपस में जुड़ी हुई है। वीरप्रताप सिंह की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा करते हुए, शगुन पांडे कहते हैं, मैं किसी भी तरह के धोखे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने वाले, एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। मैं इस तरह की भूमिका का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था।

## आयशा के लिए मुनव्वर ने छोड़ा अपनी दोस्त का साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन कुछ ना कुछ नया होता रहता है। रिश्ते मिनटों में बदल जाते हैं। वहीं जब से मुनव्वर की गर्लफ्रेंड आयशा बिग बॉस के घर में आई है तब से सब कुछ बदल गया है। मुनव्वर अपने पुराने दोस्तों से लड़ने लगे हैं। वहीं बीते दिन देखा गया कि कैसे मुनव्वर एक छोटी सी बात पर मनारा का डांटने लगते हैं। वीकेंड के वार के बाद से ही मुनव्वर पूरे तरीके से बदले- बदले नजर आ रहे हैं। वहीं विक्की जैन और अंकिता लोखंडे के बीच इन दिनों जमकर लड़ाई हो रही हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा था कि विक्की- अकिता को मारने की कोशिश करते हैं। वहीं इस पर अंकिता और विक्की दोनों यही कहते हैं कि वह केवल बेड से उतर रहे थे। वहीं बीते दिन अंकिता कहती हैं कि तुझे सबकी दिक्कत दिखती है लेकिन क्या तुझे पता भी है कि मेरे साथ क्या दिक्कत है।



# फिर से जलवा दिखाने आ रहा टीपू ...

**मुंबई।** राजकुमार राव की वेब सीरीज 'गन्स एंड गुलाब्स' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। दूसरे सीजन का ऐलान करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस सीजन का पहला पार्ट इसी साल 18 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। जो इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली वेब सीरीज में एक है। 'गन्स एंड गुलाब्स' का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी पर दस्तक देने वाला है. इसका ऐलान करते हुए वेब सीरीज के मेन हीरो राजकुमार राव ने लिखा- 'आपका इतना प्यार पाना, टीपू के लिए प्रेम पत्र से कम नहीं था। टीपू का जलवा देखना मत भूलना। गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2, जल्द आ रहा है नेटफ्लिक्स पर। इस वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो ये 1990 दशक के गुलाब गंज के नाम के शहर के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में नब्बे के गानों का खूब तड़का लगाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग की खबरें आई थी। वहीं इस साल की बात करें तो 'भीड़' फिल्म रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था राजकुमार राव की जिंदगी 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फिल्म ने बदल दी। इस फिल्म में एक्टर का रोल भले ही छोटा था लेकिन उनके करियर को बूस्ट कर दिया।




# 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो...'अड़ गए राजकुमार
## रोक दी शूटिंग, अटक गई थीं मेकर्स की सांसें, फिर...

**मुंबई।** अक्खड़ मिजाज, मुंहफट और बेबाक अंदाज, चाल-ढाल में शेरों जैसा रौब, धमाकेदार आवास, मदमस्त अंदाज और सख्त मिजाज वाले एक्टर राजकुमार का एक दौर था। इनके फेमस डॉयलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वह पुलिस की नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे, यहां भी उनका रौब कुछ ऐसा ही रहता था। इंडस्ट्री में राजकुमार साहब अपने तीखे तेवर और विवादित बोल के लिए जाने जाते थे। 1968 में उन्होंने असली जेवर पहनने की जिद में फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी, जिसके बाद तो डायरेक्टर के पसीने छूट गए थे।



***नीलकमल फिल्म में रही ये कास्ट :*** ये फिल्मों का वो दौर था, जब कम बजट में डायरेक्टर को फिल्म पूरी करके समय पर रिलीज करनी होती थी। 1968 में वहीदा रेहमान, राजकुमार, मनोज कुमार, मेहमूद, बलराज साहनी, ललिता पवार जैसे दिग्गजों से सजी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था नीलकमल। फिल्म को डायरेक्टर राम माहेश्वरी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राजकुमार का किरदार एक 'मूर्तिकार' का था, इसके अलावा राज कुमार को इसमें कुछ गहने भी पहनने थे।

***नकली जेवर देखकर भड़क गए राजकुमार :*** जब फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई तो राज कुमार अपने लिए आए नकली आभूषणों को देखकर गुस्सा से लाल हो गए। सेट पर उन्हें गुस्से में देख साथी कलाकार और क्रू परेशान हो गई। गुस्से से लाल राजकुमार डायरेक्टर के पास पहुंचे और गुस्से में बोले- 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो शूटिंग नहीं करूंगा। ये सुनकर डायरेक्टर के हाथ पैर फूल गए।

### कई दिनों तक रुकी रही शूटिंग

काफी समझाने के बाद भी राज कुमार अपनी जिद पर अड़े रहे। डायरेक्टर राम माहेश्वरी घबराकर नील कमल के प्रोड्यूसर पन्ना लाल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उन्होंने राज साहब की जिद को उनके सामने रख दी। कई दिनों तक शूटिंग रुकी रही, जिसकी वजह से फिल्म के मेकर्स का नुकसान होता रहा।

### आखिर में मंगवाना ही पड़े असली सोने के गहने

डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दोनों के पास कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था, क्योंकि फिल्म की कुछ शूटिंग हो चुकी थी। आखिरकार प्रोड्यूसर ने किसी तरह जुगाड़ करके असली गहनों का इंतजाम किया। उसके बाद ही राजकुमार ने फिल्म का पहला शॉट दिया। वो राज कुमार ही थे, जो ठान लेते थे वही करते भी थे।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो देख डालिए

# ओटीटी पर हॉलीवुड की हिंदी में डब 2023 की ये बड़ी एक्शन फिल्में

***मुंबई।*** *एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए साल 2023 बेहद खास रहा, क्योंकि इस साल हॉलीवुड की 5 बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी की फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की खास बात ये है कि इनमें से हर फिल्म हिंदी में डब की गई है। इससे पहले कि साल 2023 विदाई ले इन फिल्मों को अपनी वॉचलिस्ट में जरूर जोड़ लीजिए। ये फिल्में आपकी बॉडी की एड्रेनल ग्लैंड को एड्रेनालाईन हार्मोन रिलीज करने पर मजबूर कर देंगी। चलिए एक नजर डालते हैं इस साल की इन 5 बेहतरीन एक्शन फिल्मों पर।*




### जॉन विक-4

ये कहानी उस जॉन विक की है जो आम दुनिया के बीच ही पनपी एक अलग जरायम की दुनिया का सबसे खूंखार इंसान है। हमेशा शांत दिखने वाला जॉन ने छोटी-छोटी दिखने वाली बातों के लिए हजारों लोगों को खत्म कर दिया है। इस फिल्म में भी आप जॉन को ऐसा ही करते देख पाएंगे। 24 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### फास्ट एक्स




डोमिनिक (विन डीजल) की पूरी फैमिली इस साल थिएटर में 19 मई को फिर से लौटी फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के 10वें पार्ट 'फास्ट एक्स' के साथ। फिल्म का पहला पार्ट साल 2001 में आया था। तब से आने वाले अगले हर पार्ट में फिल्म अपनी ही पुरानी फिल्म के एक्शन से एक कदम आगे निकल जाती। बैकग्राउंड में बजते गानों के साथ फिल्म के कार चेज सीन बांधकर रखते हैं। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### एक्सट्रैक्शन-2




थॉर फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ की एक्सट्रैक्शन 2 इस साल 9 जून को रिलीज हुई। 3 साल बाद लौटी एक्सट्रैक्शन की टीम का ठिकाना बदल चुका है। अब वो बांग्लादेश से निकलकर यूरोप पहुंच चुकी है। इस बार भी इस टीम को एक फैमिली को बचाने का काम मिलता है। फिल्म के एक्शन एकदम रॉ रखे गए हैं, जो देखने लायक हैं और डराते हैं। अगर आपके पास नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन है, तो आपको ये फिल्म यहां देखने को मिल जाएगी।

### द इक्वलाइजर-3




इस सीरीज की पुरानी फिल्मों की तरह ही इसमें भी फिल्म के लीड डेंजेल वॉशिंगटन शांत चेहरे के साथ 'कूल' एक्शन करते दिखे हैं। फिल्म का लीड शांत दिखता है लेकिन उसके अंदर एक कोल्ड ब्लडेड कातिल छुपा है जो किसी के साथ बुरा होते देखते ही जग जाता है। उनका ये रूप देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### मिशन इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट 1

मिशन इंपॉसिबल सीरीज की ये फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देखा जा सकता है। फिल्म में टॉम क्रूज को वो हर इंपॉसिबल स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं जिनके लिए उनकी ये फ्रेंचाइजी दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनी हुई है। सांस थाम देने वाले एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने इंडिया में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई की है।



## खबर संक्षेप

### आदर्श ग्राम गोधना में हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के नया बाजार चौक में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच जीरा देवी फिरतु राम साहू ने की। उन्होंने बताया कि आज जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को शत प्रतिशत दिलाने का काम किया जा रहा है और मोदी की गारंटी को भी लागू किया जा रहा है जिसके फल स्वरुप आम जनता शासकीय सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने लोगों को कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया वही इस कार्यक्रम के तहत लोगों को निशुल्क दवाइयां एवं प्रधानमंत्री आवास के प्रशस्ति पत्र लाभार्थियों को वितरित किए गए.इस कार्यक्रम में गांव के विभिन्न महिला स्व सहायता समूह सहित ग्रामीण बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

### खरीदी केन्द्रों में किसानों को नहीं मिल रहा बारदाना : दीवान

**जांजगीर-चांपा।** छग की वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ छल किया जा रहा है। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश दीवान ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार 3100 रू प्रति क्विंटल धान खरीदने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे भुगतान केंद्र खोलने के वायदे पुरा करने में असफल साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर धान खरीदी केंद्रों मे भारी अनियमित व्याप्त है। किसानों को बरदाना उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा किलो दो किलो अधिक तौल किया जा रहा है। बैंकों में लंबी लाईन में दिनभर खड़े रहने के बाद भी मात्र दस बीस हजार रुपए मिल पा रहा है। खरीदी प्रभारियों पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। शिकायतों पर ध्यान नही दिया जा रहा है। सरकार के विभिन्न मंत्री मंत्रालय में बैठने के बजाय सड़कों पर रोड शो कर रहे हैं।

### पुरानी बस्ती से आज निकलेगी अक्षत कलश यात्रा

**जांजगीर-चांपा।** अयोध्या धाम में भगवान रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण स्वरुप अक्षत कलश जिले में पहुंच चुका है। शनिवार 30 दिसंबर को श्रीहरि राघवेन्द्र देवस्थानम्



श्री राम जानकी मंदिर पुरानी बस्ती सड़कपारा जांजगीर से भव्य शोभा यात्रा के साथ श्रीराम जानकी मंदिर नैला तक निकाली जावेगी, जिसमें सनातन धर्म के लोग शामिल होंगे। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसे यादगार बनाने के लिए यहां दीप प्रज्जवलन, आतिशबाजी, अखंड संकीर्तन, खिचड़ी प्रसाद वितरण सहित अनेक आयोजन की तैयारी है। शोभा यात्रा जांजगीर में पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक-12 राम मंदिर से निकलकर कचहरी चौक, नेताजी चौकसे होते हुए राम मंदिर नैला पहुंचेगी। कलश यात्रा में शहर की सभी भजन-कीर्तन मंडली शामिल रहेगी। भगवा ध्वज से सुशोभित रथ को सभी रामभक्त अपने हाथों से खींचते हुए लेकर जाएंगे। पुरुष वर्ग सफेदपीला या भगवा वस्त्र धारण करेंगे तथा महिलाएं पीला या लाल वस्त्र धारण कर शोभा यात्रा में शामिल होंगी। आयोजन को सफल बनाने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के पदाधिकारी जुटे हुए है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति जांजगीर-नैला की बैठक 25 दिसंबर को नगर के भीमा तालाब प्रांगण में शाम चार बजे से आयोजित की गई थी।

## निधन

### लोचन प्रसाद शर्मा

**खरौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, सेवानिवृत्त शिक्षक व अविभाजित मध्यप्रदेश में सांसद



प्रतिनिधि लोचन प्रसाद शर्मा का 23 दिसंबर को निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। अपने पीछे दो पुत्र दो पुत्री, नाती पोता सहित भरा पूरा परिवार रोते बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार महानदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि जेष्ट पुत्र राजेश शर्मा ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

दो लाख से अधिक महिलाओं को दिया गया नि:शुल्क कनेक्शन

# केवाइसी अपडेट कराने गैस एजेंसियों के सामने सुबह से लग रही कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केन्द्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब वर्ग से आने वाली महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है। इन गैस कनेक्शन कार्ड को केवाइसी किया जाना है। इसे अपडेट कराने में महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति यह है कि गैसे एजेंसियो के सामने केवायसी कराने सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुट रही है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अभिवाजित जिले के 2 लाख 1 हजार से अधिक गरीब वर्ग से आने वाली पात्र महिलाओ को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है, ताकि महिलाओ को लकडी एवं कंडे के माध्यम से भोजन बनाने निजात मिल सके। योजना के तहत महिलाओं को कनेक्शन तो दे दिया गया है, अब उसे केवाइसी कराने में महिलाओं का पसीना छुट रहा है। स्थिति यह है कि गैस एजेंसियो के सामने सुबह से ही गैस कार्ड केवायसी कराने लंबी कतारे देखने को मिल रही है। केवायसी के माध्यम से पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल पा रहा है कि नहीं इस बारे में जानकारी भी



गैस एजेंसी के सामने जुटी महिलाओं की भीड़।

जुटाई जा रही है। केवायसी में प्रमुख रूप से गैस कनेक्शन कार्ड, आधार कार्ड एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के माध्यम से केवायसी किया जा रहा है। साथ ही साथ संबंधित गैस कनेक्शन धारी महिलाओं के अंगुठे का फिंगर प्रिंट एवं साइन भी कराया जा रहा है। इसके अलावा अभिवाजित जिले में करीब 8 हजार गरीब वर्ग से आने वाली पात्र महिलाओं को पीएम उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए जाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि योजना का लाभ महिलाओं को मिल सके। बताया जाता है कि पीएम उज्वला योजना के तहत मिले गैस कनेक्शन को पहले वहीं इसके बाद में घरेलु गैस कार्ड को केवायसी करने की तैयारी चल रही है।

#### करा रहे केवायसी

पीएम उज्वला योजना के तहत अभिवाजित जिले में 2 लाख से अधिक गरीब वर्ग से आने वाली महिलाओ को नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है। सभी गैस एजेंसियों में ई केवायसी का काम चल रहा है।

-कौशल प्रसाद साहू,
जिला खाद्य अधिकारी
जांजगीर-चांपा

#### रिफलिंग कराना हो रहा मुश्किल

योजना के तहत गरीब वर्ग से आने वाली महिलाओं को निःशुल्क कनेक्शन तो दिया गया है, लेकिन समस्या गैस सिलेंडर रिफलिंग कराने को लेकर बनी हुई है। हांलाकि पहले जहां घरेलु गैस रिफलिंग कराने के दाम 1 2 सौ रूपए थे जो अब घटकर 1 हजार रुपए हो गये है। इसके बाद भी यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं के लिए ज्यादा ही है।

#### 20 गैस एजेंसियो का हो रहा संचालन

अविभाजित जिले में घरेलु गैस उपभोक्ताओं के अलावा पीएम उज्ज्वला योजना के तहत करीब लाखों उपभोक्तओ को गैस कनेक्शन दिया गया है। उन्हें गैस रिफलिंग कराने के उद्देश्य से 20 से भी अधिक गैस एजेंसियो का संचालन किया जा रहा है। अविभाजित जिले के पामगढ, नवागढ, जांजगीर, मालखरौदा, सक्ती, चंद्रपुर समेत अन्य क्षेत्रो को मिलाकर करीब 20 गैस एजेंसियो का संचालन किया जा रहा है, जहां गैस कार्ड धारी कार्ड का केवायसी भी करा रहे है।



शिविर में पहुंचे लोगों का उपचार करते चिकित्सक।

## हेल्थ मेला का 448 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

आयुषमान भवः के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरा में स्वस्थ्य मेला व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर का 448 मरीजों ने लाभ उठाया।

■ जरुरतमतंदों के लिए किया 14 यूनिट रक्तदान

इस अवसर पर डॉ नरेश कुमार साहू बीएमओ ने बताया कि व्यक्तियों को साल में एक बार स्वस्थ्य का जांच अवश्य करना चाहिए। डॉ रामेश्वर पंकज मेला प्रभारी, विजय निर्मलकर कार्यक्रम प्रबंधक, हीरालाल साहू सहित शिविर में डॉ प्रियंका स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, डॉ निकिता खेश नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ धर्मेंद्र राठौर दंत चिकित्सक,डॉ राकेश चंद्र, डॉ योगेश खुटे, डॉ प्रियंका जोशी, डॉ लक्ष्मीनरायन, डॉ ओंकार पटेल, देवनारायण देवांगन आ र ए म ए, उपस्थित थे। मेला में पंजीयन 660 मरीज का पंजीयन किया गया। सिबेग प्रपत्र काउंटर में एक सौ पचासी पंजीयन , एनसीडी काउंटर में दो सौ पच्छिस , आयुषमान कार्ड निर्माण काउंटर, हेल्थ कार्ड एवम टेली कंसल्टेंट काउंटर, शिशु रोग जांच एक सौ पैसठ, हेल्थ मेला में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमे इच्छुक दानदाता अपना 14 यूनिट रक्त दान कर अपनी स्वस्थ्य मेला में सहभागिता दी।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में सोलो सांग और पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

संस्कार पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस सोलो सॉन्ग और पी.पी.टी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई। स्कूल की मिल्खा, कपिल, नीरज और ध्यानचंद हाउस के बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही।

■ छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

27 दिसंबर को संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती में इंटर हाउस स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों ने अपनी सहभागिता निभाई। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से एकल गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा यह प्रतिस्पर्धा विभिन्न विधाएं जैसे भजन, गज़ल, देशभक्ति, लोकगीत व शास्त्रीय गीत पर आधारित थी। वहीं दूसरी ओर, कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों में तकनीकि कौशल के विकास के ज्ञान को परखने के लिए पी.पी.टी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें 5 जीःवरदान या अभिशाप , संचार का भविष्य व डाटा प्राइवेसी-चिंता और खतरा जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर आधारित बच्चों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। कक्षा प्रथम से अष्टम तक के एकल गीत गायन प्रतियोगिता में निर्णायक कार्य शिक्षिका गायत्री शर्मा व सोमा बरेठ ने किया तथा इस प्रतियोगिता में संचालन कार्य हाउस प्रभारी सायरा खान द्वारा किया गया। संगीत में उचित मार्गदर्शन के साथ ही वाद्ययंत्र एवं माइक व्यवस्थापक का कार्यभार कोटेश्वर नाथ साहू ने संभाला तो वहीं फोटोग्राफी में शिक्षिका यास्मीन अंसारी व वैभव देशपांडे का सहयोग सराहनीय रहा। पी.पी.टी मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक कार्य वैभव देशपांडे व शिक्षिका ज्योति साहू द्वारा किया गया । संस्था के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दर्ज़ कराते रहें तथा तकनीकी कौशल को सीखते और सिखाते रहे। तत्पश्चात हाउस प्रभारी ने समस्त शिक्षक वर्ग का आभार जताया और प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की।

## आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में दिखेगा अमन चैन का शासन : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छ.ग. राज्य के केबिनेट मंत्री कोरबा विधानसभा के विधायक लखनलाल देवांगन के जांजगीर चाम्पा जिले में प्रथम आगमन पर नेताजी चौक स्थित अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में उनके ऑफिस के पास गजमाला से भव्य स्वागत किया गया। आतिशबाजी की गई एवं मिठाईंया वितरण किया गया।

■ केबिनेट मंत्री के जांजगीर चाम्पा जिले में प्रथम आगमन पर स्वागत

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि जांजगीर चाम्पा जिले से केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का पुराना संबंध है। जांजगीर चाम्पा जिले से आत्मीय लगाव रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने नये चेहरे को मंत्री बनाकर कार्यकर्ताओं में एक नया उत्साह भरा है। आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी



मंत्री लखन देवांगन का स्वागत करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानियां व अन्य।

मजबूती से छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी महती भूमिका निभायेगी, मान. केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जी का स्वागत ढोलताशे, गजमाला पहनाकर, फूलों की वर्षा कर, मिठाई खिलाकर, साल श्री फल से सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ने मुझे केबिनेट मंत्री बनाकर मंत्री जैसे महती जिम्मेदारी दी उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ। साथ ही छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगें। छ.ग. की जनता भष्ट्राचार से तंग हो चुकी है, लूटमार से त्रस्त आ गई थी, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में अमन चैन का शासन दिखेगा। छ.ग. को खुशहाल और समृद्ध बनाने का काम हम सभी करेंगे साथ ही जांजगीर चाम्पा जिले में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा किये गयें आत्मीय स्वागत का आभार व्यक्त किया। स्वागत में हितेश यादव, जितेन्द्र खाण्डे, सुधीर अग्रवाल, प्रफुल तिवारी, संतोष लहरे, सुनील पाण्डेय, साकेत तिवारी, भुपेन्द्र साहू, रामलल्ला सिंह, सुधीर झाझड़िया, वृन्दावन सिंह, आशीष गोयल, संतोष राठौर, दिनेश राठौर, बद्री केशरवानी, हितेश साहू, रमाकांत राजवाड़े, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती प्रमिला कश्यप, हेमलता राठौर, श्रीमती उमा सोनी, श्रीमती पूजा राठौर, लोकेश शुक्ला, रमेश सोनवानी, रवि पाण्डेय, संजय राठौर, भीमबली नायक, बलराम पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, अनुराग केशरवानी, शैल राठौर, मयंक परमहंस, अरविंद साहू, आशुतोष केशरवानी, भोजराम साहू, प्रीतम दास, मनीराम कश्यप, नरेन्द्र सिंग राठौर, हेमंत गिर गोस्वामी, दुर्गा पटेल, केदार श्रीवास, अभिषेक गोस्वामी, अमन राठौर, आयुष राठौर, सागर राठौर, शिव राठौर, योगेश राठौर, शुभम यादव, सिब्बू राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निभा रही मितानिनें

**बाराद्वार।** नगर पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। शासन के अनुसार मितानिन दिवस 23 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन आदर्श आचार संहिता के लागू हो जाने के कारण इसे शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम में मितानिन दीदीयो, ब्लाक काडिनेटर तथा प्रशिक्षण प्रदान करने वालों को साड़ी तथा श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, सीएमओ शिव कुमार यादव, पार्षद रूपा देवी, कल्पना साहू, अजय सिंह राजपूत, दीपक ठाकुर ने उपस्थित सभी के परिचय से शुरूआत की। परिचय के पश्चात सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मितानिन दीदी सचमुच सम्मान की हकदार हैं, जिस प्रकार वे अपने वार्ड के गर्भवती महिलाओं के का ख्याल रखती है उसके प्रसव के समय उनका साथ देती हैं एवं प्रसव के पश्चात पांच वर्ष तक के बच्चों को समय पर टीकाकरण हो, कोई भी बच्चा कुपोषित ना हो कुपोषित होने की दशा में उसे सामान्य तक लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया। सीएमओ शिव कुमार यादव ने आगामी 1 जनवरी



मितानिनों को सम्मानित करते अतिथि।

को आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी दी व इसके प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष दीपक ठाकुर ने किया। इस अवसर पर मितानिन ब्लाक काडिनेटर आशा बरेठ, श्रुति यादव, पंचायत सवंवयक रजनी राठौर, मितानिन प्रशिक्षण से कुंती तंबोली, भगवती साहू,देव कुमारी कर्ष , नगर पंचायत बाराद्वार से सुनिता साहू सहित मितानिन उपस्थित रहे।

## भगवान कृष्ण की बाल लीला कथा सुनकर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा में सोनी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आचार्य श्री ने भगवान की बाल कथाओं का सविस्तार वर्णन किया।

बलौदा के नवल भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन ब्यास आचार्य पंडित मनोज तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन पूजा की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल से ही राक्षसों का सामना किया और एक-एक करके उनका संहार करते गए। इसी प्रकार



संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

आचार्य श्री ने गिरीराज गोवर्धन पर्वत की पूजा की महत्ता बताते हुए इंद्र के अंहकार को तोड़ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा एक ऊंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा का वर्णन किया गया। कथा के प्रारंभ में कुल पुरोहित बालकृष्ण मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। कथा श्रवण करने श्रीमती सहोद्रा देवी सोनी, जग प्रसाद-हीरादेवी स्वर्णकार, लक्ष्मीनारायण-सची देवी सोनी, महेश कुमार-भुवनेश्वरी सोनी सहित आयोजक सोनी परिवार के साथ श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक रोटी कम खाओ, लेकिन अपने बच्चों को जरुर पढ़ाओं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शिक्षा के महत्व को समझते हुए ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की मुहिम एक रोटी कम खाओ

■ ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने बांटे पुस्तक, कॉपी, कलम

लेकिन अपने बच्चों पढ़ाओ के तहत नगर के जामा मस्जिद के बाहर कलम का लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं को कलम व किताब बांटे गये ।

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कलम का लंगर में शामिल होने आये फाउंडेशन बिलासपुर संभाग के सचिव अब्दुल रहीम ने बताया की इल्म हासिल करना ज़रूरी है। हमारे प्यारे आका हजरत मोहम्मद ने कहा है यदि इल्म हासिल करने चीन





बच्चों को कॉपी पुस्तक बांटते ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य।

भी जाना पड़े तो जाओ। यानी इल्म शिक्षा हासिल करने आपको अगर आपके शहर से दूर भी क्यों न जाना पड़े जाओ और इल्म शिक्षा हासिल करो। हमने आज चांपा में ये कलम का लंगर लगाया है आने वाले जुमा में दीगर मस्जिदों में भी इसी तरह का लंगर हमारे द्वारा लगाया जाएगा और सभी के अंदर शिक्षा हासिल करने का जज़्बा भरा जाएगा। इस अवसर पर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बिलासपुर संभाग प्रभारी मोहम्मद जुबेर ने बताया की ये हमारी एक छोटी सी कोशिश है जिससे हम अपने बच्चों को शिक्षा की तरफ लाने की नियत से कर रहे हैं। बिलासपुर संभाग अध्यक्ष अतहर हुसैन ने बताया कि हम इस कलम के लंगर को इसी तरह जारी रखेंगे और सभी के दिलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने हर संभव कोशिश करेंगे। अब्दुल रहीम ने कहा की फाउंडेशन का ये लंगर किसी एक धर्म विशेष के लिए नही है बल्कि पूरी मानव जाति के लिए है। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन का ये संदेश सभी धर्म जाति के लिए है। आज कलम व किताब का तोहफा पाकर बच्चे खुश हुए तो वहीं बुजुर्गों ने भी इस मुहिम को देख कर खूब दुआएं दी। कलम के इस लंगर में फाउंडेशन की तरफ से हाजी सैफ़ुद्दीन खान, अब्दुल सुब्हान खान, अख्तर सौदागर, शाहिद क़ादरी, सरफराज़ मेमन, अब्दुल क़ादिर, आसिफ़ सोहेल खान, मोहम्मद फारूक खान, शादाब मिर्जा, समीर मेमन,जमशेद कुरैशी, मिर्जा साजिद बेग सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

